# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

पत्रांक 1294 / M-1 / 29 दिनांक 23.05.2026

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय : **दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 22.05.2026 को प्रकाशित ''मऊ में 5.90 करोड की जल टंकी अधूरी, सालो से काम ठप, कागजो पर पूरा, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन'' तथा न्यूज18 समाचार पत्र में दिनांक 22.05.2026 को प्रकाशित ''कागजो में पूरी, जमीन पर अधूरी, मऊ के रानीपुर में पानी टंकी परियोजना पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा'' शीर्षक से प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्य क्रम के अन्तर्गत पेयजल परियोजना के सम्बन्ध में **दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 22.05.2026 को प्रकाशित ''मऊ में 5.90 करोड की जल टंकी अधूरी, सालो से काम ठप, कागजो पर पूरा, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन''** तथा **न्यूज18 समाचार पत्र में दिनांक 22.05.2026 को प्रकाशित ''कागजो में पूरी, जमीन पर अधूरी, मऊ के रानीपुर में पानी टंकी परियोजना पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा''**, शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया है। विकास खण्ड–रानीपुर के अन्तर्गत रानीपुर पेयजल योजना का कार्य मेसर्स के0एल0एस0आर द्वारा कराया जा रहा है। पेयजल योजना की प्रगति के सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था मेसर्स के0एल0एस0आर0 से आख्या प्राप्त की गई। संस्था द्वारा अपने पत्र सं0 KLSR-Rays-JV/Mau/2025-26/17, दिनांक 23.05.2026 के माध्यम से आख्या प्रस्तुत की गई है (पत्र संलग्न है)। विकास खण्ड– रानीपुर के अन्तर्गत रानीपुर पेयजल योजना का कार्य पूर्ण नहीं है , कार्य प्रगति पर है। योजनान्तर्गत ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण हो चुका है। पंप हाउस एवं बाउंड्री वॉल का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य 37 किमी0 के सापेक्ष 12 किमी0 पूर्ण कर लिया गया है एवं गृह संयोजन का कार्य 20 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है, ओ०एच०टी का कार्य इलेक्ट्रिक लाइन के कारण प्रारंभ नहीं हुआ है। बिजली विभाग से संपर्क कर पोल शिफ्टिंग की प्रक्रिया में है। वर्तमान में विभाग द्वारा योजनाओं को पूरा करने के दृष्टिगत प्राथमिकतावार फण्ड रिलिज किया जा रहा है, अतः जल्दी ही कार्य आरम्भ करते हुए योजना के सभी कार्यों को पूर्ण करा लिया जाएगा और नियमित रूप से पानी की सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

**संलग्नक :** **फर्म का पत्र।**

भवदीय

(रामेश्वर दयाल)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (वारा.क्षेत्र), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), आजमगढ़।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

KLSR-RAYS (JV)

RAYS POWER INFRA

H.No: 2-56/D/213/9A & 9B, F No. 4B, KLSR TOWERS, AYYAPPA SOCIETY, MADHAPUR, HYDERABAD-500081

पत्र संख्या KLSR-Rays-JV/Mau/2025-26/017 दिनांक – 23-05-2026

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
मऊ।

विषयः- जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत दिनांक 22-05-2026 को दैनिक भास्कर एवं न्यूज़18 हिन्दी द्वारा सोशल उपकरण में प्रेषित की गयी न्यूज़ के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय में अवगत कराना है कि विकास खण्ड रानीपुर के ग्राम पंचायत रानीपुर में ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण हो चुका है।पंप हाउस एवं बाउंड्री वॉल का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य 37 कि.मी के सापेक्ष 12 कि.मी पूर्ण कर लिया गया है एवं गृह संयोजन का कार्य 20 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है, ओ०एच०टी का कार्य इलेक्ट्रिक लाइन के कारण प्रारंभ नहीं हुआ है,

बिजली विभाग से संपर्क कर पोल शिफ्टिंग की प्रक्रिया में है। वर्तमान में विभाग द्वारा योजनाओं को पूरा करने के दृष्टिगत प्राथमिकतावार फण्ड रिलिज किया जा रहा है, अतः जल्दी ही कार्य आरम्भ करते हुए योजना के सभी कार्यों को पूर्ण करा लिया जाएगा और नियमित रूप से पानी की सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

मेसर्स KLSR -RAYS (JV)

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ सादर प्रेषित है-

अवर अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), मऊ।

Scanned with OKEN Scanner